पुराने वाहनों के विक्रय हेतु निविदा शर्तें

निगम मुख्यालय में उपलब्ध 01 पुरानी कार के विक्रय हेतु "जहां है जैसा है" के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	वाहन क्रमांक	मेक/मॉडल
01	CG04KH-0099 (Car)	Toyato Innova 2012

निविदा की शर्तें :–

1. वाहन "जहां है जैसा है" के आधार पर विक्रय किया जावेगा।

2. वाहन क्रय हेतु निविदा दरें मुख्यालय में दिनांक 23.08.2019 के दोपहर 2.00 बजे तक बंद लिफाफे में लेटरपैड में निविदा प्राप्त की जावेगी एवं उक्त दिनांक को ही दोपहर 3.00 बजे निविदा खोली जावेगी।

3. निविदा में भाग लेने वाले प्रत्येक निविदाकार को रू.10,000/– अमानत राशि का छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, मुख्यालय–रायपुर के नाम से डिमांड ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अमानत राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

4. निविदा के पूर्व वाहन एवं वाहन से संबंधित सभी कागजात का भली–भांति परीक्षण निगम मुख्यालय से कर लेवे/निविदा भरने के उपरांत किसी प्रकार का विवाद स्वीकार योग्य नहीं होगा।

5. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकार को स्वयं के खर्चे से वाहन की डिलेव्हरी एक सप्ताह में लेना होगा। अन्यथा निविदाकार की जमा अमानत राशि राजसात योग्य होगी।

6. वाहन लेने से पूर्व मूल्य की शेष राशि ड्राफ्ट के रूप में जमा कर निर्धारित विक्रयनामा हस्ताक्षर होने के उपरांत वाहन की डिलेव्हरी क्रेता को दी जावेगी।

7. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक को होगा।

प्रबंधक (चलित वाहन)